नई दिल्ली, 20 जून 2019 दैनिक जागरण III

कारतूस लेकर मेट्रो में चढ़ने वाला गिरफ्तार

जासं, नोएडा : फेस दो स्थित एनएसइजेड मेट्रो स्टेशन पर जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने एक युवक को दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक कारतूस के साथ गाजियाबाद जाने के लिए एक्वा लाइन की मेट्रो में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपित को कोतवाली फेस दो पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि बुधवार शाम एक्वा लाइन के एनएसइजेड मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षाकर्मी यात्रियों की जांच कर रहे थे। उस दौरान एक्सबीआइएस मशीन पर आरक्षी सचिन व पाली प्रभारी जसवीर सिंह मौजूद थे। जांच के दौरान एक्सबीआइएस मशीन ने एक युवक के बैग में आपत्तिजनक वस्तु होने का संकेत दिया। सुरक्षाकर्मी सचिन ने बैग की जांच की। उसमें से दो जिंदा कारतूस मिले। पाली प्रभारी ने आरोपित युवक को पकड़ कर संबंधित अधिकारियों के साथ पुलिस को मामले की जानकारी दी। कोतवाली फेस दो के प्रभारी फरमूद अली पुंढीर ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि कारतूस उसका नहीं है। मंगलवार को उसका बैग एक दोस्त लेकर गया था। बुधवार सुबह उसने बैग लौटा दिया। बैग से बरामद कारतूस उसके दोस्त के ही होंगे। पुलिस युवक के बताए दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी। फिलहाल आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एनएसइजेड मेट्रो स्टेशन पर पकड़ा गया जिंदा कारतूस ले जाने वाला युवक ● जागरण